RAF SECTOR

NEWS CLIP

01/09/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Patrika , Ahmedabad (G.J)

आरएएफ जवानों की वालीबॉल प्रतियोगिता

डी-100 को मिली जीत, रेस्ट ऑफ वाहिनी रनरअप

ध्यानचंद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजन

अहमदाबाद. शहर के वस्त्राल स्थित 100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल (आरएएफ) कैम्प के परिसर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता में डी-100 ने बाजी मारी। हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस पर वालीवॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

आठ लीग मुकाबले के बाद शनिवार को फाइनल मैच में डी-100 की टीम ने रेस्ट ऑफ वाहिनी को पराजित किया। वाहिनी के सभी खिलाडियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में बटालियन कमाण्डेन्ट पुष्पेन्द्र कुमार समेत वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों ने राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। खेल के दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशालय के निर्देशों का पालन किया गया। प्रत्येक टीम में तीन-तीन खिलाडियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के अंत में कमाण्डेन्ट कुमार ने खिलाडियों के मनोबल एवं उत्साह को बढ़ाए रखने के लिए पारितोषिक भेंट किए गए।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।